# यह कैसा नशा मुक्ति अभियान

**खास बातें**

- नटेरन के 52 गांव में बिक रही अवैध शराब
- ठेकेदार के कर्मचारी गांव गांव पहुंचा रहे शराब
- आबकारी और पुलिस बनी है अंजान, उन्हें है शिकायत का इंतजार

**नवभारत न्यूज**

**नटेरन 25 जुलाई, सरकार एक तरफ नशा के खिलाफ अभियान चला रही है जिस पर पुलिस ने पूरा फोकस कर रखा है तो दूसरी तरफ नशे का कारोबार इतना पनप गया है शराब पीने वालों को शराब की दुकान पर भी जाने की जरूरत नहीं है क्योंकि शराब ठेकेदार के आदमी अवैध शराब को गांव गांव पहुंचा रहे हैं। विदिशा जिले की नटेरन तहसील के करीब 52 गांव मे अवैध शराब की सप्लाई हो रही है. यहां पर ठेकेदार के कर्मचारी बाकयदा अपनी गाडियों में शराब भरकर गांव में ले जाते हैं और गांव में जो शराब की तस्करी करता है उस तक पहुंचा देते हैं.नटेरन तहसील में एक पत्र वायरल हो रहा है जिसमें बाकयदा जिन गांव में शराब बिक रही है और शराब कौन बेंच रहा है उसके नाम तक दर्ज हैं.**





## इन गांव में बिक रही है अवैध शराब

सूत्रों की माने तो नटेरन और शमशाबाद के गांव में अवैध शराब बिक रही है उसमे सबसे ज्यादा अवैध शराब की बिक्री सतपाड़ा सराय, खेजड़ा सुल्तान, हड़ा, थान्रेर,पोरूखेड़ी, सकराई,लाड़पुर,बरखेड़ा, रावन, बम्होरी, पट्टन, भैरोबाबा रोड पर,मरखेड़ा, झिरी, सांगुल, पैगयाई, गोलना, पैगयाई स्टेंड, जीरापुर, मोही , रूसल्ली जोड़,नटेरन, किशनपुर, विछिया स्टेंड और सनौटी समें दो दर्जन से ज्यादा ऐसे गांव हैं जहां पर खुलेआम शराब की तस्करी की जा रही है.

बताया गया कि नटेरन क्षेत्र के करीब आधा सैकड़ा गांव में जो अवैध शराब बिक रही है उसे बेंचने के लिए करीब 200 से ज्यादा शराब तस्कर सक्रिय हैं जिनको मालूम होता है कि किस शराब ठेकेदार से माल लेना है और एक पेटी पर कितना मुनाफा कमाना है. इन इलाकों में ज्यादातर देशी शराब की सप्लाई की जा रही है. जहां प्लेन का क्वार्टर 100 रुपए बेंचा जा रहा है वहीं लाल का क्वार्टर 120 रुपए तक बेंचा रहा है. दरअसल अधिकांश गांव ऐसे हैं जहां पर शराब की दुकान नहीं है जिसके चलते शराब ठेकेदार अपने कर्मचारियों को शराब की तस्कारी के काम में लगा देते हैं. जिस शराब की तस्करी करने वालों को ठेकेदार मोटा कमीशन भी देते हैं जिसके चलते अवैध शराब का यह धंधा जमकर पनप रहा है. कुछ इलाकों में तो पिछले 10 साल से लगातार शराब की तस्करी हो रही है जिसको अभी तक रोका नहीं जा सका है.

## आबकारी टीम को नहीं है खबर

किस गांव में कौन अवैध शराब बेंच रहा है और अवैध शराब कहां मिल रही है इस बात की खबर गांव के बच्चों तक को रहती है लेकिन आबकारी अमले को इस बात की खबर नहीं है यह बात समझ से परे है.बताया गया कि कई सालों से आबकारी टीम ने यह पता लगाने की कोशिश ही नहीं की है कि गांव पर अवैध शराब बिक रही है और कौन बेंच रहा है यह सब ठेकेदारों की मिली भगत से किया जा रहा है. इसके अलावा शराब की बिक्री बढ़ाने के लिए भी ठेकेदार कई आदमियों को इस काम में लगा देते है ताकि ज्यादा से ज्यादा बिक्री हो और ज्यादा मुनाफा कमाया जा सके.

### शराब दुकान खोलने और बंद करने का समय नहीं है तय

बैसे तो शासन ने शराब की दुकान खोलने और बंद करने का समय तक कर रखा है लेकिन शासन के नियमों का कोई पालन नहीं किया जा रहा है.देर रात तक शराब की दुकाने खुली रहती है जिस चेक करने के लिए तो न तो आबकारी की टीम पहुंचती है और न ही पुलिस इस तरफ ध्यान देती है.

### अभियान की निकली हवा

सीएम के निर्देश के बाद पुलिस ने नशे से दूरी है जरूरी अभियान चला रही है जिसके तहत लोगों को जागरूक किया जा रहा है नशे के दुष्परिणाम बताए जा रहे हैं साथ ही अभियान के तहत लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है इसमें नेता, जनप्रतिनिधि और अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ गांवों में बिक रही अवैध शराब पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है.

### इनका कहना है

बासौदा एसडीओपी शिखा भलावी का कहना है कि कहां पर अवैध शराब बिक रही है और कौन बेंच रहा है यह अभी तक संज्ञान में नहीं आया है. यदि कहीं पर अवैध शराब बिक रही है तो कार्रवाही की जाएगी. किसी पकड़ा है और उसे छोड़ दिया गया तो हो सकता है उसके पास उतनी मात्रा में शराब नहीं मिली है और नोटिस देकर छोड़ दिया होगा. वहीं जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही का कहना है कि इस मामले में तत्काल एक-दो दिन में कार्रवाई करी जाएगी.

# कीचड़ में लेटे कांग्रेसी, कहा हर सड़क में गड्ढे

**शहर की खुदी हुई सड़कों को लेकर किया प्रदर्शन**

**आज नगर पालिका के खिलाफ किया जाएगा बड़ा प्रदर्शन**





**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** शहर की खस्ताहाल सड़कों और गड्ढों से भरे रास्तों के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पार्षदों ने शुक्रवार को अनोखा प्रदर्शन किया. प्रदर्शनकारियों ने नगर पालिका कार्यालय के सामने बारिश के पानी से भरी सड़कों पर लेटकर अपना विरोध दर्ज कराया. प्रदर्शन में शामिल कांग्रेसियों का कहना है कि विदिशा की अधिकांश सड़कें जर्जर स्थिति में हैं. गड्ढों में भरे पानी के कारण रोजाना दुर्घटनाएं हो रही हैं. लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं. जिला कांग्रेस प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने भाजपा की नीतियों को जनविरोधी बताया. उन्होंने कहा कि सड़कें गड्ढों में हैं या गड्ढे सड़कों में, यह समझना मुश्किल हो गया है. महिलाएं और बच्चे रोज गिरकर चोटिल हो रहे हैं.जनता बेहद परेशान है. कांग्रेस पार्टी ने 26 जुलाई को नगर पालिका के खिलाफ बड़ा धरना देने का ऐलान किया है.अवस्थी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं ने घर-घर पानी पहुंचाने का वादा किया था और आज 15 मिनट की बारिश में सचमुच घर-घर पानी पहुंच रहा है. वार्ड 17 के पार्षद आशीष माहेश्वरी ने कहा कि उन्होंने सांकेतिक प्रदर्शन किया है. उनके अनुसार नेताओं ने जनता को गांव जैसी स्थिति में जीने को मजबूर कर दिया है.शहर की लगभग सभी सड़कों में गड्ढे ही गड्ढे हैं.माहेश्वरी ने बताया कि नगरपालिका कार्यालय के सामने ही इतना बड़ा गड्ढा है कि आए दिन लोग गिरकर घायल हो रहे हैं. कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे चरणबद्ध आंदोलन करेंगे.

## तीर्थक्षेत्र देवपुर में व्यवस्थायें कराने की मांग

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के क्षेत्र में भ्रमण के दौरान गुरुवार को देवपुर में भाजपा देवपुर मंडल अध्यक्ष झार सिंह दांगी द्वारा बाबा विश्वनाथ धाम तीर्थक्षेत्र देवपुर में व्यवस्थाओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया. जिसमें उन्होंने बाबा विश्वनाथ धाम तीर्थक्षेत्र देवपुर में भक्तजनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था, जल व्यवस्था हेतु ट्यूबवेल खनन, महिलाओं के लिए स्नान घर, महिला पुलिस बल एवं सुरक्षाकर्मियों की व्यवस्था, साफ सफाई हेतु स्थाई व्यवस्था के साथ ही मेन गेट, मेला ग्राउंड एवं मंदिर प्रांगण में स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था कराये जाने की मांग की.

## श्रावण मास में हो रहा शिव रूद्राभिषेक

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज, श्रावण मास में कुरवाई रोड स्थित अनंत श्री गार्डन में प्रतिदिन श्री पार्थिव शिव निर्माण एवं महारूद्राभिषेक एवं 25 कुंडीय लघुरूद्र यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है. यज्ञाचार्य पं . नलिनीकांत शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारों से पार्थिव शिव रूद्राभिषेक एवं लघुरूद्र यज्ञ एवं महामृत्युंजय जाप कराया जा रहा है. जिसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी बंधु सम्मिलित हो रहे है.**

इस अवसर पर पं. नलिनीकांत शर्मा ने बताया कि श्रावण मास में शिव आराधना करने से भक्तो को विशेष पुण्य फल प्राप्त होता है. उनको धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष चतुष्फल प्राप्त होते है. उन्होंने धर्मप्रेमी बंधुओं से इस पवित्र आयोजन में सहभागी बनने का आग्रह किया.

### रूद्राभिषेक का समापन 29 जुलाई को

दस दिवसीय इस आयोजन का शुभारंभ 20 जुलाई को मंगल कलश यात्रा एवं श्री गौरी देव पूजन के साथ हुआ. 21 जुलाई से प्रतिदिन पार्थिव शिव रूद्राभिषेक एवं यज्ञ का आयोजन हो रहा है. जिसमें यजमानों द्वारा भगवान शिव का अभिषेक एवं पूजन किया जा रहा है. इस आयोजन का समापन 29 जुलाई को होगा.

**एक नजर में**

## कथा शुभारंभ पर निकली कलश यात्रा

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** श्री महाकाल चैरेटेबिल ट्रस्ट के तत्वाधान में श्री हनुमान मंदिर छत्री धर्मशाला में श्रीमद् भागवत कथा का कथा व्यास पं. प्रमोद चतुर्वेदी के सानिध्य में 25 जुलाई से 31 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजन किया जा रहा है. कथा के शुभारंभ पर कलश यात्रा निकाली गई. जो हनुमान मंदिर छत्री से शुरू होकर मुख्य मार्गो से होकर कथा स्थल पर पहुंची. कलश यात्रा में बालिकाएं एवं महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी. वही श्रद्धालु सिर पर श्रीमद् भागवत जी ग्रंथ लेकर चल रहे थे. कलश यात्रा के उपरांत कथा का शुभारंभ किया गया. जिसमें कथा वाचक द्वारा कथा का महत्व बताया गया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि मानव को मन और इंद्रियों पर नियंत्रण रखना चाहिए. मानव के इंद्रियों पर नियंत्रण रखने से परमात्मा तक पहुंचने का मार्ग मिल सकता है. इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे.

## नितिन माहेश्वरी बने नये अध्यक्ष

**नवभारत न्यूज**



**विदिशा,** जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन विदिशा की वार्षिक बैठक आयोजित की गई.बैठक में संगठन के समस्त अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे. यह बैठक मध्य प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अमानत खान के मार्गदर्शन में संपन्न हुई.बैठक के दौरान संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण की गई, जिसमें सर्वसम्मति से नितिन माहेश्वरी को अध्यक्ष पद हेतु चुना गया.वहीं श्री लालता प्रसाद तिवारी को पुन: सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई तथा राजेंद्र शर्मा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया ।नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को संगठन के सभी सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं. इस दौरान दिनेश माहेश्वरी, प्रेम सिंह राजपूत, योगेश कुलश्रेष्ठ, अशोक खरे, कैलाश चौहान, पुनीत चौधरी, उषा दुबे, सुलेखा पाल, रेखा राठौर, गोपाल कुशवाह, लक्ष्मीनारायण कुशवाह, बालमुकुंद कुशवाह आदि मौजूद रहे शामिल रहे.

# 48 घंटे के बाद मिला नदी में डूबे युवक का शव

**पानी के तेज बहाव में 12 किलो मीटर दूर शव मिलने की सूचना मिली**

**नवभारत न्यूज**



**विदिशा,** बुधवार की शाम के समय बेतवा नदी में एक युवक पानी के तेज बाहव में चला गया था.जिसकी तलाश करने के लिए होमगार्ड की टीम को काफी मेहनत करनी पड़ी.करीब 48 घंटे बाद होमगार्ड की टीम ने युवक का शव पानी से निकाल लिया. शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया. जहां पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा.होमगार्ड टीम प्लाटून कमांडर रश्मि दुबे ने बताया कि बुधवार को बेतवा नदी में एक युवक पानी में डूब गया था.जिसकी पहचान मोहन गिरी निवासी राहुल के रूप में की गई थी. सूचना मिलते ही टीम मौके पर रवाना हुई और उसकी तलाश की.लेकिन काफी खोज करने के बाद बुधवार को अंधेरा होने के कारण तलाश बंद करना पड़ी.दूसरे दिन गुरुवार को भी सफलता नहीं मिली.उन्होंने बताया कि शुक्रवार को लगभग 12 किलोमीटर दूर एक युवक के शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई.सूचना मिलते ही वो टीम के साथ मौके लिए रवाना हुई.इस दौरान घुटने घुटने कीचड़ में से निकलती हुई जहां पर शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई और शव को अपने कब्जे में लेकर विदिशा जिला चिकित्सालय भेजा गया जहां उसका पीएम कराया जा रहा है.

# हम सब के आराध्य सूर्यदेव हैं-सैनी

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के तहसील प्रभारी सुरेश सैनी ने गत वर्ष की परीक्षा में मेरिट में आये छात्र-छात्राओं को स्कूलों में जाकर प्रमाण पत्र एवं अनुग्रह राशि भेंट की. साथ ही उन्होंने बताया कि गायत्री के देवता सूर्यदेव हैं. वर्तमान में गायत्री परिवार का स्कूलों में जाकर परीक्षा में मेरिट में आये छात्रों को पुरुस्कार वितरण और गुरुजनों को सम्मानित करने का अभियान चल रहा है.गायत्री परिवार द्वारा जिला स्तर पर प्रथम आने बालों को 700 रुपये, दूसरे स्थान पर 500 और तीसरे स्थान पर आने बालों को 400 रुपए तथा तहसील स्तर पर प्रथम आने वालों को 350 रुपये और दूसरे को 250 और तीसरे स्थान पर आने बाले छात्रों को 150 रुपए प्रोत्साहन राशि और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जा रहा है.वहीं इस अभियान में जुड़े प्राचार्य और गुरुजनों को श्री फल, रुमाल, प्रमाणपत्र और गायत्री मन्त्र के चित्र, महापुरषों के चित्र और पूज्य गुरूदेव और माता जी के सुंदर चित्र भेंट कर सम्मानित कर रहे हैं. अभी गत दिनों सेंट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के संचालक के. एसयादव, प्रभारी कृष्ण पाल सिंह चौहान, दिनकर कद्रे एवं दीपेश मीना तथा तहसील स्तर पर प्रथम आई छात्रा कुमुद दांगी को सम्मानित किया. वहीं डोल्फिन स्कूल में संदीप जेटली प्राचार्य और प्रभारी प्रशांत कुर्मी का सम्मान किया गया.छात्र अर्णव तिवारी जिला में प्रथम ,डिम्पल रघुवंशी जिला में थर्ड आई.कु. आरवी जैन तहसील में थर्ड आई.रतन बाई जैन उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक छात्र तहसील में प्रथम एक छात्र द्वितीय और दो छात्र थर्ड पॉजिसन पर आये.इस शाला में शिक्षिका वंदना भार्गव और विकासखंड शिक्षा अधिकारी परत अहिरवार का सम्मान भी गायत्री परिवार की परिजनों द्वारा किया गया.

## अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा की हुयी बैठक

**नवभारत न्यूज**

**पठारी,** नगर के श्री राम जानकी राज मंदिर भवन में अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा की बैठक संपन्न हुई.जिसमें जिला अध्यक्ष शर्मा बाबू कुर्मी की अध्यक्षता में पठारी समिति का गठन किया गया.जिसमें सर्व समिति से प्रकाश पटेल को पठारी तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया.वहीं उपाध्यक्ष सुंदरलाल कुर्मी, कोषाध्यक्ष भगवान सिंह पटेल, महासचिव रामबाबू गौर, सचिव गोविंद सिंह कुर्मी ,मीडिया प्रभारी अनिल कटियार को बनाया गया. इस दौरान तहसील अध्यक्ष प्रकाश पटेल ने कहा कि समाज के उत्थान एवं एकजुटता को लेकर काम करना चाहिए.

# डायल 100 के चालकों ने नवीन टेंडर में नियुक्ति किये जाने की मांग की

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** शुक्रवार को जिले के डायल 100 के चालकों ने कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा. जिसमें उन्होंने मांग की है कि बीव्हीजी कम्पनी में कार्यरत पायलेटों को नवीन टेण्डर में नियुक्ति प्रदान की जाए.उक्त ज्ञापन में डायल 100 के चालकों ने बताया कि वर्तमान में बीव्हीजी कम्पनी अंतर्गत डायल 100 सेवा संचालित की जा रही थी. लेकिन डायल 100 सेवा का नाम डायल 100 से परिवर्तित कर 112 कर दिया गया है एवं पूर्ण कार्य नवीन कम्पनी जव्हीके कम्पनी को दे दिया गया है.जिसमें समस्त कर्मचारियों की दोबारा नवीन नियुक्ति करने के निर्देश कम्पनी द्वारा दिये गये हैं एवं विगत 10 वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों को बिना किसी अग्रिम सूचना के ही अपने कार्य से अलग किया जा रहा है. हम सभी लगभग 10 वर्षों में समस्त डायल 100 पायलेटों द्वारा कई विपदाओं का सामना करते हुये प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पूर्ण निष्ठा एवं इमानदारी से अपना कार्य किया गया है. लेकिन कम्पनी द्वारा कर्मचारी को अपने कार्य से बिना किसी अग्रिम सूचना के अलग करने से कर्मचारियों को आर्थिक एवं मानसिक स्थिति का सामना करना पड़ रहा है. हम सभी ने कोरोना काल में भी कार्य किया. वहीं कंपनी ने हमको समय पर वेतन नहीं दिया फिर भी हमने अपना काम किया.

# अज्ञात चोर मंदिर से चुरा ले गए पीतल की गदा और तांबे का सर्प



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** गुरुवार- शुक्रवार की दरमियानी रात को अज्ञात चोरों ने लालधाऊ क्षेत्र स्थित श्रीनगर कॉलोनी के मंदिर को निशाना बनाते हुए भगवान हनुमान जी की पीतल की गदा और भगवान शिव जी के तांबे के सर्प को चुरा ले गए. मंदिर में चोरी होने की शिकायत स्थानीय लोगों ने सिविल लाइन थाने में की है.पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच में लिया है. कालोनी के निवासी अनिल तिवारी ने बताया कि हमारे घर के पास हनुमानजी और भगवान शिव का मंदिर हैं.रोज की तरह गुरुवार की रात 9 बजे मैने मंदिर में भगवान की आरती की.इसके बाद ताला लगाकर घर आ गया.शुक्रवार की सुबह रोज की तरह जब मंदिर खोलने गया, तो वहां महिलाएं जमा थी.ताला टूटा पड़ा हुआ पड़ा था, मंदिर से हनुमानजी की पीतल की गदा और शिवलिंग से तांबे के बड़े आकर के सर्प, गरुड़ घंटियां चोरी जा चुकी थी.दान पेटी के पैसे भी चोर ल गया था.पड़ौस के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे से कुछ फुटेज मिले हैं.जिसमें सुबह 3 से 3.30 बजे के बीच सफेद शर्ट पहने मुंह पर कपड़ा बांधे एक युवक भी दिख रहा है. जिसने चोरी की घटना को अंजाम दिया है.जानकारी मिली है की दो दिन पहले पास ही आरएमपी नगर स्थित शिव मंदिर में भी ताला तोड़कर चोरी की घटना हुई है.इस तरह से चोर रात को सूने मंदिरों को निशाना बना रहे हैं.इसलिए हमारी और सभी श्रृद्धालुओं की मांग है कि जल्द से जल्द मंदिर में चोरी करने वाले चोरों को गिरफ्तार किया जाए.







**लापरवाही** | **खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच से कतराता खाद्य विभाग**

# पर्यटकों की सेहत से हो रहा खिलवाड़

**नवभारत न्यूज**

**सांची,विश्व धरोहर सांची, जहां देश-विदेश से हजारों पर्यटक प्रतिदिन पहुंचते हैं, वहां खाद्य सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दे पर जिम्मेदार विभागों की घोर उदासीनता देखने को मिल रही है. नगर में बिक रही खाद्य सामग्री और पेय पदार्थों की गुणवत्ता की जांच करने खाद्य विभाग को न तो फुर्सत है और न ही जिम्मेदारी का अहसास.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर में दर्जनों छोटे-बड़े होटल, ढाबे और खाद्य संस्थान संचालित हैं, जहां सादा भोजन से लेकर जूस, कोल्ड ड्रिंक्स और अन्य



खाद्य उत्पाद पर्यटकों व स्थानीय नागरिकों को परोसे जा रहे हैं.लेकिन इन उत्पादों की गुणवत्ता और स्वच्छता मानकों की जांच महीनों से नहीं हो सकी है.विभागीय टीम का यहां आना भी महज औपचारिकता बन कर रह गया है.सूत्रों की मानें तो खाद्य विभाग की टीम महीने में कभी-कभार सांची का दौरा जरूर करती है, परंतु वह निरीक्षण करने की बजाय स्थानीय प्रतिष्ठानों से लेन-देन कर लौट जाती है. नतीजतन, उपभोक्ताओं को गुणवत्ताहीन, प्रदूषित एवं खुले में रखे खाद्य पदार्थों के सेवन को मजबूर होना पड़ता है. बरसात के मौसम में यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब खुले में रखे खाद्य पदार्थों के दूषित होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है.यहां तक कि कई बार कलेक्टर द्वारा खाद्य निरीक्षण के स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं, फिर भी विभाग द्वारा इसे गंभीरता से नहीं लिया गया. न तो सैंपलिंग की प्रक्रिया अपनाई गई, न ही किसी खाद्य विक्रेता के विरुद्ध कोई कार्रवाई सामने आई. इससे सांची जैसे अंतरराष्ट्रीय महत्व के स्थल की छवि पर भी दाग लग रहा है.स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन और खाद्य विभाग की निष्क्रियता के चलते आमजन की सेहत के साथ खिलवाड़ हो रहा है. अब यह आवश्यक हो गया है कि उच्च स्तर से इस मुद्दे को संज्ञान में लिया जाए और नियमित निरीक्षण की ठोस व्यवस्था की जाए, ताकि पर्यटकों और नागरिकों को सुरक्षित व स्वच्छ खाद्य सामग्री मिल सके.






